Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 08-12-2006

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

an>

Title: Adverse effect of power shortage on farmers and other agricultural products including wheat in Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा एक तरफ तो गेहूं का आयात किया जा रहा है, दूसरी तरफ जो राज्य अधिकाधिक गेहूं पैदा करते हैं उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं दी जा रही है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश भी सम्मिलित है। वहां जो बिजली दी जाती है, उसमें 250 मेगावाट की कमी की जा रही है। इससे किसानों पर विपरीत असर पड़ रहा है। इसके साथ ही गेहूं और अन्य कृाि व उद्योग उत्पादों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। इसके अलावा थर्मल पावर स्टेशंस को जो कोयला दिया जाता है, वह अच्छी किस्म न होकर सामान्य किस्म का दिया जा रहा है। इस वजह से मध्य प्रदेश के थर्मल पावर स्टेशंस भी प्रभावित हो रहे हैं। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह तत्काल बिजली कटौती को वापस ले और थर्मल पावर स्टेशंस को अधिकाधिक और अच्छी क्वालिटी का कोयला सप्लाई करे।